# प्रकाशक की ओर से

महात्माजी का यह उपवास एक अप्रत्याशित घटना थी। लोगों को इतना तो पता था कि देश की अशांतिपूर्ण स्थिति के कारण महात्माजी अत्यन्त दुखित हो रहे हैं; लेकिन वे उपवास करने का निश्चय कर बैठेंगे, इसका किसी को भी अनुमान न था, यहां तक कि उनके संगी-साथी भी नहीं जानते थे। वस्तुतः गांधीजी की वेदना इतनी असह्य हो उठी थी कि उन्हें विवश होकर अपने अन्तिम अस्त्र का उपयोग करने के लिए बाध्य होना पड़ा।

उपवास के इन पांच दिनों को हम हृदय-मंथन के दिन मानते हैं। बापूजी ने तो कहा ही है कि यह उपवास उन्होंने आत्म-शुद्धि के लिए किया था। देश-वासियों को भी इन दिनों अपना दिल टटोलने और अपनी भूल का परिमार्जन करने का अवसर मिला। महात्माजी के इस क़दम से भारत की राजधानी दिल्ली में पूर्ण शांति स्थापित हो गई, यह तो नहीं कहा जा सकता है; लेकिन इतना निर्विवाद है कि उससे यहां के वातावरण के शांत होने में बहुत कुछ सहायता मिली।

बापू के इन भाषणों का मुख्य सार यही है कि वैर से वैर शांत नहीं होता और प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए।

दिल्ली में शांति बनाये रखने के लिए जो महानुभाव गांधीजी के सामने वचन-बद्ध हुए हैं, उन पर तो सीधी जिम्मेदारी आ ही जाती है, साथ ही देश के जन-जन का कर्तव्य हो जाता है कि वह हर प्रकार से इन महानुभावों की सहायता करें। बापू का उपवास अवश्य समाप्त हो गया है; लेकिन सच्ची शांति उन्हें तभी मिलेगी जब भारत के ही नहीं, पाकिस्तान के भी कोने-कोने में शांति स्थापित हो जायगी।

बापू इस युग के महान् पुरुष हैं। उनके उपवास की सफलतापूर्वक समाप्ति पर हम उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और

जाय। अगर अब यह फिजा नहीं सुधरी तो इसका सिलसिला फिर कभी खत्म नहीं होगा।

गांधीजी ने यह देखा, देश आजाद तो हो गया—हांलाकि जैसा वह चाहते थे वैसी आजादी नहीं मिली—लेकिन आजादी के बाद इसकी जैसी फिजा होनी चाहिए थी, वह नजर नहीं आई, बल्कि वह फिजा दिन-पर-दिन बिगड़ती जाती है। उन्होंने सोचा कि मुल्क की फिजा अगर नहीं सुधरती है तो बर्बादी निश्चित है। और इसके लिए उन्होंने जान की बाजी लगा दी।

गांधीजी के उपवास से हम पर बड़ी जिम्मेदारी आ गई है। उन्होंने अपनी जान को जोखिम में डालकर फिर हमें अपना रास्ता दिखाया है। वह हमारे पथ-प्रदर्शक हैं। हिन्दुस्तान की आबरू व इज्जत के पहरेदार हैं। आपको याद है, उन्होंने हमें हमेशा ऊंचे सबक सिखाये हैं। जो बड़े होते हैं वे हमेशा अपने बड़े उसूलों पर कायम रहते हैं और छोटे लोग अपने छोटे उसूलों से देश को गिरा दिया करते हैं।

हमारा मुल्क बड़ा महान् है, जिसने गांधीजी जैसे महापुरुष को जन्म दिया कि जिन्होंने देश को उबार लिया और उबारा भी इस तरीके से, जिसकी मिसाल नहीं मिलती। आज जब हम फिर पथ-भ्रष्ट हो गये हैं तब वही हैं कि जिन्होंने फिर अपनी जान की बाजी लगा दी है। जरा देखिए उस मुट्ठी-भर हड्डी के ढांचे वाले को। अगर एक बच्चा भी चाहे तो उसे गिरा दे सकता है; लेकिन सोचिए उसकी ताकत को, जो करोड़ों को हिला देती है। क्या ताकत है ऐसी ? फौजी ताकत बहुत बड़ी होती है, लेकिन फौजी ताकत के पीछे की ताकत रूहानी होती है। अगर हम रूहानी ताकत को खत्म हो जाने दें तो हम मिट जायंगे। गांधीजी ऐसी ही रूहानी ताकत की निशानी हैं।

नई दिल्ली, १५ जनवरी १९४८

आज गांधीजी की जान तराजू पर है। हम उनकी जान बचाना

चाहते हैं। लेकिन गांधीजी की जान का भी सवाल नहीं है। सवाल देश की जान बचाने का है। हम लोग—मैं व गांधीजी—तो एक-न-एक दिन मर ही जायंगे; पर देश तो सदा जिन्दा रहेगा।

महात्माजी को देश का वातावरण साफ करना है। उपवास उनका सबसे बड़ा और अन्तिम हथियार है। मुल्क को ऊंचा उठाने के लिए उन्होंने एक और बड़ी खिदमत अपने ऊपर ली है। हमारे मुल्क में बहुत-से बहादुर और हिम्मत वाले लोग रहते हैं; लेकिन अगर सबसे बहादुर और हिम्मतवाला कोई आदमी है तो वही दुबला-पतला है, जिसने अपनी आत्म-शक्ति से ब्रिटिश साम्राज्य को हिला दिया है।

नई दिल्ली, १६ जनवरी १९४८ ❀ —जवाहरलाल नेहरू

मैं एक दुखी हृदय के साथ बम्बई आया हूं। गांधीजी के इस उपवास के बारे में हर तरह के अनुमान लगाये गये हैं। सचाई यह है कि यहां बम्बई तथा भारत के अन्य भागों में जैसी शांति है, दिल्ली में भी यद्यपि वैसी ही शांति है, लेकिन फिर भी गांधीजी का कहना है कि यह तो फौज के बल पर स्थापित शांति है, यह हृदय की एकता की परिचायिका नहीं है। गांधीजी जिस उच्च स्तर से सोचते, बोलते और अमल करते हैं, वहां तक हम पहुंच नहीं सकते। हम वहां तक पहुंचना तो चाहते हैं, लेकिन हममें उतनी क्षमता नहीं है। वे एक ऐसी ऊंचाई पर पहुंच गये हैं कि जहां आवेश या दुर्भावना से वे प्रभावित नहीं होते। वे प्रेम और मुहब्बत से भरे हैं। उनका हृदय जितना शुद्ध और पवित्र है, यदि हमारा हृदय भी वैसा ही होता तो हम उसके अन्तर को समझ सकते थे। इसलिए हम, जिस तरह वह हमसे चाहते हैं, उस तरह शासन नहीं कर पाते।

मैं साफ आदमी हूं। हिन्दू और मुसलमान दोनों से ही मैं कड़वी बातें कह बैठता हूं। मैं कई बार कह चुका हूं कि मैं मुसलमानों का दोस्त हूं। वही बात मैं फिर भी कहता हूं। जो मुसलमान मुझे ऐसा नहीं मानते, वह पागलों की-सी बातें करते हैं। वे सच-झूठ का अन्तर

करना नहीं जानते। लेकिन उनके इस आचरण के कारण मैं तो सचाई को नहीं छोड़ सकता, अपने कर्त्तव्य-पथ से नहीं खिसक सकता। कुछ भी हो, मैं आपको चेतावनी देना चाहता हूं कि हमने जो कुछ भी प्राप्त किया है वह अभी अधूरा ही है। देश के भावी स्वरूप-निर्माण का असली काम अभी बाकी पड़ा है। इस काम के करने का अवसर तो आ गया है, लेकिन हम इसे अनुभव करते प्रतीत नहीं होते। अगर हमने उसे अनुभव किया होता तो आज जिस तरह का आचरण कर रहे हैं, वैसा न करते।

❀

बम्बई, १६ जनवरी १९४८ —वल्लभ भाई पटेल

मैं उन लोगों के रोष को समझता हूँ, जो अपने घर-बार छोड़कर पाकिस्तान से यहां आये हैं; लेकिन बदले की कार्यवाही से उनके कष्ट और बढ़ सकते हैं, कम नहीं हो सकते। जरूरत इस बात की है कि दोनों देशों के बीच सद्भावना पैदा करके महात्मा गांधी का जीवन बचाया जाय। गांधीजी ने हमें वह रास्ता दिखाया है, जिस पर चलकर हम एक महान् और शक्तिशाली भारत का निर्माण कर सकते हैं। हम उनके जीवन की रक्षा करें। उनके महान उद्देश्य की पूर्ति में सहायक बनें।

❀

नई दिल्ली, १७ जनवरी १९४८ —राजेन्द्रप्रसाद

जब गांधीजी एक बार कोई फैसला कर लेते हैं तो दुनिया की कोई ताकत उनको उस फैसले से हटा नहीं सकती। इसलिए उनको उस फैसले से हटाना तो एक बिलकुल नामुमकिन और अनहोनी बात थी। अब सवाल हमारे सामने सिर्फ यह था कि जिस मकसद से उन्होंने उपवास किया है, उस मकसद की पूर्ति के लिए हम क्या कर सकते हैं। मैं इन दिनों गांधीजी से बराबर मिलता रहा हूं। उन्होंने मेरे सामने उपवास छोड़ने के लिए हृदय-परिवर्तन की ये सात शर्तें रखीं।[1]

---

[1](१) महरौली में ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार की जो मजार है,

अगर आप लोग खुशी से ये बातें पूरी कर सकें तो मुझको कोई शक नहीं कि वे उसके एक मिनट बाद भी उपवास जारी नहीं रखेंगे, लेकिन यह काम दिल से और सचाई से होना चाहिए। अगर आपने कोई बनावटी चीज खड़ी करके उनका उपवास तुड़वाया तो उससे उनके दिल को बहुत चोट लगेगी।

---

वह मुसलमानों के लिए बिलकुल सुरक्षित होनी चाहिए, दरगाह के खिदमतगारों को जान का कोई खतरा न हो और सात-आठ दिन में वहां मुसलमानों का उर्स का जो मेला लगने वाला है, उसमें वे बिना किसी खतरे के आ-जा सकें। महरौली के हिन्दू और सिख यह विश्वास दिलायें कि वहां मुसलमानों की जान के लिए कोई खतरा नहीं होगा।

(२) दिल्ली की ११७ मस्जिदें, जिन पर हाल के उपद्रवों में हिन्दू और सिख शरणार्थियों ने कब्जा किया हुआ है या जिनको मन्दिर बना लिया गया है, स्वेच्छा से मुसलमानों को वापिस लौटा दी जायं और उनको उनमें इबादत करने दी जाय। जिन-जिन इलाकों में मस्जिदें हैं, वहां के हिन्दू और सिख यह विश्वास दिलायें कि ये मस्जिदें जैसी दंगों से पहले थीं, वैसी ही रहेंगी।

(३) करौलबाग, सब्जीमंडी और पहाड़गंज में मुसलमान आजादी से आ-जा सकें और उनकी जान के लिए वहां कोई खतरा न हो।

(४) दिल्ली के जो मुसलमान तंग आकर पाकिस्तान चले गये हैं, वे अगर वापिस आकर यहां बसना चाहें तो हिन्दू और सिख उनका रास्ता न रोकें।

(५) रेलों में मुसलमान बिना किसी खतरे के सफर कर सकें।

(६) मुसलमान दुकानदारों का बहिष्कार न किया जाय।

(७) दिल्ली शहर के जिन हल्कों में मुसलमान रहते हैं उनमें हिन्दुओं और सिखों के बसने का प्रश्न वहां के मुसलमानों की रजामन्दी पर छोड़ दिया जाय।

इन पांच दिनों के अन्दर गांधीजी के उपवास के फलस्वरूप मुल्क में एक जबर्दस्त तब्दीली आई है। लोगों के दिल और खयालात बदल रहे हैं और बहुत-कुछ बदल चुके हैं। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इस समस्या के दो चेहरे हैं। पश्चिमी पंजाब और स माप्रांत से जो हिन्दू और सिख भाई यहां आये हैं, वे खुशी से नहीं आये। उनके दिल दुखे हुए हैं। वे वतन से बेवतन होकर आये हैं। अगर उन्होंने बेबसी में कोई बेजा हरकत की है तो मुसलमानों को उन पर गुस्सा नहीं करना चाहिए। उनका तो यह फर्ज है कि वे उनके साथ हमदर्दी दिखायें। हिन्दू और सिख शरणार्थियों का भी यह कर्तव्य है कि वे अपनी कड़वाहटों को भूल जायं और पाकिस्तान के जुल्मों का बदला यहां के बेगुनाह मुसलमानों से न लें। हिन्दू और मुसलमान बिछुड़े हुए भाइयों की तरह एक दूसरे के गले मिलें और अपने-आपको फिजूल की बातों में न बहने दें।

❀

नई दिल्ली, १७ जनवरी १९४८ —अबुल कलाम आजाद

हमारे अनेकों विचारशील व्यक्तियों को गलत सोचने की आदत पड़ गई है। मुझे महसूस होता है कि जनता अब थक चली है और वह आशान्वित होकर काम करना नहीं चाहती। वह क्रोधित है। वह दलीलों को नहीं सुनती। वह विश्वास करती है कि गांधीजी का युग गया। परन्तु यह निःसन्देह एक बिलकुल बेहूदा बात है। आज-दिन यदि कोई स्थिर बुद्धि मनुष्य है तो वह गांधीजी हैं। दूसरे या तो कतई गलत हैं या थोड़े बहुत गलत हैं। हमें इस बेहूदगी को रोकना ही चाहिए। कुछ लोग समझते हैं कि युद्ध आवश्यक है। परन्तु हम एक हजार वर्ष पहले ऐसा कर सकते थे। आज यह सम्भव नहीं है। आप जैसे किसी पेड़ को जड़ से उखाड़ कर जीवित नहीं रख सकते वैसे ही युद्ध नहीं चला सकते। हमने एक नई तहजीब ग्रहण की है और उसे नहीं छोड़ सकते। क्या यह सम्भव है कि प्रत्येक प्रांत, नगर और ग्राम में युद्ध भी चलता रहे और हमारी तहजीब भी जारी रहे? हम अब बहुत अधिक

सुसंस्कृत हैं और गृह-युद्ध की बात करना बेवकूफी है। मेरी बात मानें तो आपको उत्तेजना का परित्याग कर देना चाहिए। जब तक आपका मन नहीं बदलता तब तक चलन में परिवर्तन नहीं होगा। केवल शब्दों से कोई लाभ नहीं होने वाला।

अत्याचारों और अमानुषिकताओं की ऐसी-ऐसी घटनाएं देखने में आई हैं कि गांधीजी के सदृश व्यक्ति यह समझने लगे हैं कि जीवित रहने से अब कोई लाभ नहीं है। मैं उनके विभिन्न उपवासों के समय उनके पास रहा हूं और उनसे झगड़ा हूं। परन्तु इस बार ऐसा करने की इच्छा नहीं है। मैं वास्तव में नहीं समझ पाता हूं कि क्यों हम जैसे बूढ़े जीवित रहें, जब कि हमारा कोई उपयोग नहीं? गांधीजी ने यह गलत नहीं कहा कि मृत्यु के समान दूसरा कोई मित्र नहीं है। मृत्यु हमें सब कष्टों से बचाती है।

गांधीजी ने हमें एक मौका दिया है। उनका कहना है, जब तक आप यह नहीं दिखा देंगे कि आपका हृदय परिवर्तित हो गया है तबतक मैं उपवास रखूंगा और मर जाऊंगा। ❀

कलकत्ता, १५ जनवरी १९४८ —राजगोपालाचार्य

इस मुल्क ने जो तरक्की की है, जो ताकत हम लोगों ने हासिल की है और हैवानियत से इन्सानियत की तरफ हम जितने आगे बढ़े हैं, इस सबका श्रेय गांधीजी को है। उन्होंने हमारे देश में कितने ही नेताओं को पैदा किया और कितने ही ऐसे इन्कलाबी देश-भक्त पैदा किये जो अपने मुल्क के लिए फांसी के तख्ते पर झूल गए। जो जगह महात्मा गांधी की इस देश में है, वह सैकड़ों और शायद हजारों वर्षों में दुनिया के किसी मुल्क में किसी इन्सान को हासिल होती है। गांधीजी जैसे इन्सान रोज पैदा नहीं होते। हजारों वर्ष के हमारे इतिहास में चन्द आदमी ऐसे पैदा हुए हैं, जिनकी बराबरी गांधीजी से की जा सकती है। हमारा सौभाग्य है कि देश में एक सपूत पैदा हुआ जिसने सोते हुए भारत को जगाया, हमारी टेढ़ी कमर को सीधा किया और जिसने हमको

यह सिखाया कि दुश्मन कितना ही ताकतवर क्यों न हो हम निःशस्त्र होते हुए भी उसका मुकाबला कर सकते हैं और मुकाबला ही नहीं, उस पर विजय पा सकते हैं। H 80/G17H H 1487

आज हमारे सामने जितने झगड़े-फिसाद हैं, उनको मिटाने का रास्ता अगर कोई बता सकता है तो वह महात्मा गांधी ही हैं। लेकिन आज जो कुछ हम कर रहे हैं उससे हम अपने देश को रसातल में पहुंचा रहे हैं। पाकिस्तान में जो कुछ हो रहा है उसको रोकने के लिए भी यह जरूरी है कि हम अपने घर को काबू में रखें। अगर हम अपने घर में ही आग लगाते हैं तो उससे हम पाकिस्तान का नहीं, बल्कि खुद का नुकसान करते हैं। १५ अगस्त के बाद जहां हमारी ताकत बढ़नी चाहिए थी, वहां उल्टी और घटती जा रही है। हम जिस दलदल में फंसे हुए हैं उसमें ऐसे गर्क हो जायंगे कि हमें कोई भी नहीं निकाल सकेगा।

गांधीजी ने जब यह देखा कि लोग समझाने से भी नहीं समझते और रास्ता दिखाने पर भी अपनी आंखें नहीं खोलते तब उन्होंने विवश होकर अपने-आपको बलिदान करके भी लोगों को सही रास्ते पर लाने का संकल्प किया है। यही ब्रह्म-अस्त्र उन्होंने सबसे अन्त में उठाया है, एक महान् कार्य के लिये वे अपना जीवनोत्सर्ग करने को तत्पर हुए हैं। हम लोग अगर शुद्ध बन जायं तो उनका अमूल्य जीवन बच सकता है। हिन्दुस्तान में जो मुसलमान वफादार शहरी बनकर रहना चाहते हैं वे हमारे भाई हैं। हम उनको अभय-दान दें। गद्दारी करने वाले मुसलमान का भी वही हाल होगा जो हिन्दू या सिख का होगा। गद्दार सब कौमों में रहे हैं और अंग्रेजों के समय में तो ये लाखों और करोड़ों की संख्या में थे।

❀

नई दिल्ली, १६ जनवरी १९४८ —जयप्रकाश नारायण

गलतफहमी, अविश्वास, भय तथा घृणा से उत्पन्न क्रिया और प्रतिक्रिया की विनाशकारी धारा में दोनों राज्यों की जातियां डूबने वाली हैं। महात्माजी का उपवास इस प्रचण्ड धारा में थम आध्यात्मिक

बांध है। गांधोजी एक ऐसे उच्च नैतिक धरातल पर खड़े हैं कि इस्लाम के अनुयायी उसकी उपेक्षा नहीं कर सकते। उन्हें एक विशेष अवसर मिला है कि इस विनाशकारी धारा को पारस्परिक विश्वास और सदिच्छा की धारा में परिणत कर दें। एक विनम्र तथा साधारण मुसलमान को हैसियत से मेरी यह तीव्र तथा स्वाभाविक आकांक्षा है कि पाकिस्तान से हमारे सहधर्मी अनुकूल प्रत्युत्तर दें, उसी ऊँची सतह पर उठें और बर्बादी और शर्म की मौजूदा हालत को खत्म करें।

...महात्मा गांधी के उपवास ने एक ऐसी स्थिति उत्पन्न की है जिसकी सीमाप्रांत के अच्छे पठान उपेक्षा नहीं कर सकते और न उन्हें करनी चाहिए। सीमाप्रांत के पठान अपनी शूरता तथा अपने उच्च चरित्र के लिए प्रसिद्ध हैं। क्या मैं इस्लाम के सुन्दर नाम पर विनम्रतापूर्वक आप (सीमाप्रांत के प्रधान मन्त्री) से प्रार्थना कर सकता हूँ कि आप अपने हिन्दू तथा सिख पठानों में विश्वास उत्पन्न करें और ऐसा अनुकूल वातावरण बनावें कि वे अपने घरों को लौट जायं। इस सम्बन्ध में तुरन्त पहला कदम यह होगा कि आप दिल्ली से श्री मेहरचन्द खन्ना को वापस बुलायं, ताकि वे वहां सम्मानपूर्वक रह सकें और उनके बाद और लोग भी सीमाप्रांत में अपने-अपने घरों को लौट जायं।

पटना, १७ जनवरी १९४८ —सैयद महमूद

❀

महामानव गांधी ने फिर सांप्रदायिक एकता के लिए अपने प्राणों की बाजी लगा दी है। पाकिस्तान के नेताओं में उसकी अच्छी प्रतिक्रिया हुई है, यह शुभ चिह्न है। इधर हिंदू तो महात्माजी की चाहे कितनी ही आलोचना इस वक्त करते हैं, कभी अपने खातिर उनके जीवन को खतरे में पड़ने देना बरदाश्त नहीं करेंगे। परन्तु इसमें कोरे 'जबानी जमा-खर्च' से काम नहीं चलने का! यदि पाकिस्तान को हिन्दुस्तान के साथ भाई-चारा ही मंजूर है तो फिर सबसे पहले उसी को कदम आगे बढ़ाना होगा; क्योंकि हिन्दुओं व सिखों के मन पर लीग और पाकिस्तान वालों की क्रियाओं की बुरी प्रतिक्रिया हुई है। यदि हम इस बात को

न समझेंगे तो कोई संतोषजनक व स्थायी हल न निकल सकेगा। यदि पाकिस्तान के नेता सचमुच गांधीजी के जीवन को इतना बेशकीमती और उन्हें मुसलमानों का सच्चा खैरख्वाह मानते हैं तो मेरा सुझाव है कि पाकिस्तान की तरफ से हिन्दू व पाकिस्तान के तमाम झगड़ों का पंच या सरपंच गांधीजी को बनायें। मुझे विश्वास होता है कि किसी भी अन्तर्राष्ट्रीय या तटस्थ न्यायालय से गांधीजी के फैसले कहीं न्याय-पूर्ण व सद्भावनायुक्त होंगे। मामला महात्माजी के हाथ में जाने से एक बार हिन्दू आज के समय में भले ही चौंकें, परन्तु मुसलमानों को तो इसमें हिचकने का कोई कारण ही नहीं है, जबकि महात्माजी हिंदुओं व सिखों में इतने अप्रिय बनकर भी मुसलमानों के हित में जान पर खेल रहे हैं।

*

—हरिभाऊ उपाध्याय

यदि पाकिस्तान में वर्तमान स्थिति जारी रही तो हम प्राप्त स्वतन्त्रता को खो देंगे। गांधीजी के उपवास से भारत व पाकिस्तान के नेताओं को मिलकर अपने सब मतभेद दूर कर लेने चाहिएं। इस उपवास से न केवल हिन्दुस्तान के, वरन् पाकिस्तान के लोगों की भी आंखें खुल जानी चाहिएं कि उन्होंने कैसे लज्जाजनक कृत्य किये हैं।

❀

—गज़नफ़र अली खाँ

महात्मा गांधी संसार के महानतम व्यक्ति हैं। अभी हाल में कलकत्ते में शांति स्थापित करने के लिए उन्होंने जो सेवा की वह सद्भावना पैदा करने की दिशा में उनकी महान उपलब्धि का एक छोटा-सा दृष्टान्त है। उनका उपवास उनके उद्देश्य को प्राप्त करेगा।

❀

—फ़ीरोज़ खां नून

यदि गांधीजी को कुछ हो गया तो दोनों उपनिवेशों की जनता का मुँह काला हो जायगा। गांधीजी ने फिर एक बार भारत व पाकिस्तान में साम्प्रदायिक एकता के लिए अपने जीवन की बाजी लगा दी है। भारत व पाकिस्तान में दोनों सम्प्रदायों के बीच फैले हुए

साम्प्रदायिक विद्वेष को दृष्टि में रखकर बहुसंख्यकों का यह फर्ज है कि वे अल्पसंख्यकों की रक्षा करें और साम्प्रदायिक सद्भावना का प्रसार करें।

ढाका, १८ जनवरी १९४८ ❀ —ख्वाजा नाज़िमुद्दीन

महात्मा गांधी साम्प्रदायिक एकता के लिए जो महान प्रयत्न कर रहे हैं, वह सराहनीय है। अतः हमें उनके स्वास्थ्य व चिरायुष्य के लिए प्रार्थना करनी चाहिए, ताकि भारत व पाकिस्तान दोनों में उनका प्रभाव सभी जातियों के सम्बन्ध शान्त बनाने में चिरकाल तक सहायता देता रहे। ❀

कराची, १८ जनवरी १९४८ —खुहरो

अनिश्चित समय के लिए आपके उपवास के गंभीर निर्णय की ख़बर मैंने और मेरी प्रजा ने गहरी चिंता के साथ सुनी है। सभी जमातों के दिल मिलाने के लिए आपकी अपील को दोनों राज्यों के सभी सद्भावनापूर्ण व्यक्तियों का अवश्य ही सहयोग मिलेगा और उससे दोनों राज्यों के बीच मित्रतापूर्ण संबंध कायम होंगे। हम भोपाल-वासियों ने तो पिछले वर्ष अपनी मुसीबतों का बड़े प्रेम और सद्भाव के साथ मुकाबिला किया है। नतीजा यह कि राज्य की शांति भंग करने वाली एक भी घटना यहाँ नहीं घटी। हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि अपनी पूरी शक्ति लगाकर हम इस मैत्रीपूर्ण भावना के प्रसार का यत्न करेंगे।

❀ —नवाब भोपाल

: ३ :

# शांति-प्रतिज्ञा-पत्र

वह शांति-प्रतिज्ञा, जिस पर हिन्दुओं, सिखों व मुसलमानों के सौ से अधिक प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किये और जिस पर गांधीजी ने उपवास समाप्त किया, निम्न प्रकार है—

